कार्यालय नगर पंचायत, हिलसा (नालंदा)

होल्डींग टैक्स की स्व – निर्धारण योजना संबंधी

महत्वपूर्ण सूचना

नगर विकास विभाग, बिहार के पत्र सं0 – 3275 दिनांक 05.10.2005 द्वारा नगर पंचायत, हिलसा क्षेत्र में पथों के वर्गीकरण के आधार पर किये गए धृतिकर (होल्डींग टैक्स) निर्धारण की स्वीकृति प्रदान की गई है, तदनुरूप यह जिला गजट में भी प्रकाशित है। हिलसा नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित सभी भवनों पर मापी के आधार पर कर पुनरीक्षण हेतु गृह स्वामियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत, हिलसा द्वारा स्व – कर निर्धारण की योजना लागू की गई है। इस योजना के अन्तर्गत सभी करदाता अपने – अपने भवनों के धृतिकर (मकान कर) का स्वयं कर गणना दिए गए उदाहरण के अनुरूप शुद्धता एवं शूचितापूर्वक कर संलग्न आवेदन पत्र को स्वामित्व संबंधी प्रमाण के साथ दिनांक 31.12.2007 तक जमा करें। नया धृतिकर दिनांक 01.10.2007 से ही प्रभावी माना जायेगा।

2. नगर पंचायत, हिलसा द्वारा यह स्पष्ट किया जाता है कि धृतिकर (मकान कर) निर्धारण कर दिए जाने का यह तात्पर्य नहीं होगा कि उस भूमि जिसपर मकान अवस्थित है कि स्वामित्व संबंधी वैधता को मान्यता प्रदान कर दी गई। स्वामित्व संबंधी वैधता सम्यक् विधि एवं सक्षम अधिकारिता वाले प्राधिकार/न्यायालय के विचाराधीन होगी।

3. जिन गृहस्वामियों का धृतिकर निर्धारण का स्वकर निर्धारण आवेदन पत्र दिनांक 31.12.2007 तक नगर पंचायत कार्यालय में प्राप्त नहीं होगा वैसे भवनों का नगर पंचायत, हिलसा द्वारा अपने माध्यम से 200.00 रूपये दंड अधिरोपन के साथ धृतिकर निर्धारित किया जायेगा एवं बिहार नगरपालिका अधिनियम 2007 के सुसंगत प्रावधानों के अनुरूप कार्रवाई भी की जायेगी।

4. वार्षिक नगर पंचायत कर की गणना होल्डींग की वास्तविक अवस्थिति, उपयोग एवं निर्माण के प्रकार के आधार पर निर्धारित दर के अनुसार किया जाएगा। स्नान – घर/शौचालय/बरसाती और सीढ़ी घर का फर्श क्षेत्रफल संगणना में शामिल नहीं होगा। भवन का कुछ अंश आवासीय, कुछ वाणिज्यिक एवं कुछ अन्य उपयोग में हो सकता है, तदनुसार उस अंश के लिए निर्धारित दर से गुणा कर गणना की जाय।

5. धृतिकर फर्श क्षेत्र (मकान के सभी मंजिलों को सम्मिलित करते हुए) के प्रति वर्गफीट के दर के अनुकूल वार्षिक किराया मूल्यांकन का (शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा आदि जोड़कर) 9% होगा।

6. स्व कर गणना प्रपत्र में अपेक्षित सूचना अंकित करने में कठिनाई होने की स्थिति में नगर पंचायत कार्यालय, हिलसा से सम्पर्क कर आवश्यक सहयोग एवं जानकारी प्राप्त की जा सकती है।.

होल्डींग के वार्षिक किराया मूल्य गणना हेतु दर तालिका (वार्षिक दर प्रति वर्ग फीट रूपया में)

भवन की वनावट	प्रधान मुख्य सड़क			मुख्य सड़क			अन्य सड़क		
	वाणिज्यिक या औद्योगिक	अन्य	आवासीय	वाणिज्यिक या औद्योगिक	अन्य	आवासीय	वाणिज्यिक या औद्योगिक	अन्य	आवासीय
आर सी0 सी0 छत वाला पक्का मकान	27.00	18.00	9.00	18.00	12.00	6.00	9.00	6.00	3.00
एस्वेटस या कोरगेटेड भवन	18.00	12.00	6.00	12.00	8.00	4.00	6.00	4.00	2.00
खंड 01 एवं 02 से भिन्न भवन	9.00	6.00	3.00	6.00	4.00	2.00	3.00	2.00	1.00